हिन्दुस्तान

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कार, जीप और वैन को लेकर तय किया गया रेट, जानें कितना देना होगा टोल

यूपीडा ने टोल दरों की अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी। अब इस एक्सप्रेसवे पर कहीं से भी चढ़ने पर टोल देना होगा। अभी तक इस एक्सप्रेसवे पर बिना टोल के वाहन आ जा रहे थे।

लखनऊ से गाजीपुर तक 341 किमी. के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार से टोल लगना शुरू हो जाएगा। कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन के लिए 675 रुपये टोल देना होगा। हल्के माल यान या मिनी बसों के लिए 1065 रुपये तथा बस -ट्रक के लिए 2145 रुपये देने होंगे। टोल की दरें आगरा-लखनऊ एक्ससप्रेसवे के समान ही रखी गईं हैं। इन दरों में सरकार द्वारा दी जाने वाली 25 प्रतिशत की छूट शामिल है।

यूपीडा ने टोल दरों की अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी। अब इस एक्सप्रेसवे पर कहीं से भी चढ़ने पर टोल देना होगा। अभी तक इस एक्सप्रेसवे पर बिना टोल के वाहन आ जा रहे थे। यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने बताया कि लखनऊ से गाजीपुर तक दो मुख्य टोल प्लाजा सहित कुल 13 टोल प्लाजा बनाए गए हैं। एक्सप्रेस वे पर बीच के एंट्री/एग्जिट प्वाइंट पर 11 छोटे टोल प्लाजा होंगे।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर स्थापित टोल प्लाजाओं के संचालन तथा टोल कलेक्शन तथा 06 एम्बुलेंस व 12 पेट्रोलिंग वाहन (आवश्यक कार्मिकों सहित) उपलब्ध कराए जाने के लिए निजी एजेंसी का चयन हो गया है। यह कंपनी टोल वसूलेगी और इसके बदले साल में एकमुश्त 222 करोड़ रुपये यूपीडा को देगी। राज्य सरकार टोल वसूली से राजस्व प्राप्त होने के साथ-साथ वाहनों एवं यात्रियों की सुरक्षा भी की जा सकेगी । इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें त्वरित चिकित्सा सुविधा भी प्राप्त हो सकेगी। इस निर्णय से रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।